**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 29.08.2024**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः–**

- **ओलंपिक खेलों में पदक जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को तीन करोड़ से एक करोड़ रूपये तक की पुरस्कार राशि दी जाएगी–राष्ट्रीय खेल दिवस पर मुख्यमंत्री ने की घोषणा।**
- **राज्यपाल ने राजधानी रायपुर में मौसम विज्ञान विभाग की कार्यशाला का किया उद्‌घाटन।**
- **प्रदेश में आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया।**
- **नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन महिला माओवादी मारी गईं।**

## राष्ट्रीय खेल दिवस

राष्ट्रीय खेल दिवस पर आज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वर्ष दो हजार इक्कीस–बाईस और बाईस–तेईस के लिए संतानवे खिलाड़ियों को छिहत्तर लाख की पुरस्कार राशि प्रदान की। वहीं, पांच सौ दो पदक विजेता खिलाड़ियों को साठ लाख तैंतीस हजार रूपये उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपए, रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को दो करोड़ रुपए और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर में लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान का ऑफ सेंटर भी शुरू किया जाएगा, जो खेलों के क्षेत्र में प्रदेश की बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ ''क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना'' शुरू करने का निर्णय लिया है। इस योजना में खेल मैदानों के उन्नयन के साथ ही खिलाड़ियों के लिए उच्च स्तरीय खेल उपकरणों की व्यवस्था, खेल प्रतिभाओं की खोज, खेल क्लबों को आर्थिक सहायता और पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय आवास और शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य और विधायक मौजूद थे।

## राज्यपाल–कार्यशाला

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या है। इसके प्रतिकूल प्रभावों का सामना करने के लिए हमें ज्यादा सक्षम होना होगा। यह बात राज्यपाल ने आज रायपुर में मौसम विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला का उद्‌घाटन करते हुए कही। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि मौसम विज्ञान विभाग की अथक सेवाओं के कारण आज हम प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों का बेहतर तरीके से सामना कर पा रहे हैं। कार्यक्रम में भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉक्टर मृत्युंजय महापात्रा ने विभाग की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के बाद भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग अपनी जनसेवा का एक सौ पचासवां वर्ष मना रहा है। इसी के तहत आज छत्तीसगढ़ में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## कृमि मुक्ति दिवस

प्रदेश में आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस दौरान एक से उन्नीस वर्ष तक के सभी बच्चों और किशोर–किशोरियों को कृमि की दवा खिलाई गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के जे.आर. दानी गर्ल्स स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के उप संचालक डॉक्टर व्ही.आर. भगत ने बताया कि प्रदेश में एक करोड़ सात लाख संतानवे हजार बच्चों और किशोर–किशोरियों को कृमिनाशक दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। आज जो बच्चे दवा खाने से छूट गए हैं, उन्हें चार सितंबर को मॉप–अप दिवस पर दवा खिलाई जाएगी।

## उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना

प्रदेश के माओवाद प्रभावित जिलों में कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को तकनीकी और व्यावसायिक उच्च शिक्षा के लिए 'मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना' के तहत ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। इस योजना के तहत माओवाद प्रभावित बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, जशपुर, कांकेर, कोरिया, नारायणपुर, राजनांदगांव, सरगुजा, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, बालोद, सुकमा, कोंडागांव और बलरामपुर जिले के विद्यार्थियों को ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा। अन्य जिलों के विद्यार्थियों को एक प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पैंतीस तकनीकी और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है।

## कृषि विवि–राष्ट्रीय सम्मेलन

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आज से कृषि अभियंताओं के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सह संगोष्ठी की शुरूआत हुई। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने इस सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस सम्मेलन में देशभर से आए कृषि अभियंता शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि मशीनरी के तकनीकी विकास के कारण इस क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन आया है। श्री नेताम ने कहा कि अब कृषि में ड्रोन और ए.आई. तकनीक का उपयोग भी होने लगा है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पीपल के पौधों का रोपण किया गया।

## मतदाता सूची–पुनरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, स्थानातंरण और प्रविष्टि में किसी भी प्रकार के आवश्यक संशोधन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार आगामी उनतीस अक्टूबर को प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा और इसी के साथ दावा–आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही शुरू हो जाएगी। मतदाता अट्ठाईस नवंबर तक दावा–आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। इस दौरान नौ, दस, सोलह और सत्रह नवम्बर को सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। प्राप्त दावा–आपत्तियों का निराकरण पूरा कर छह जनवरी को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। ऐसे युवा जो एक जनवरी दो हजार पच्चीस की स्थिति में अट्ठारह वर्ष की आयु पूरी कर रहे है, वे प्रारूप–छह में आवेदन प्रस्तुत कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते है।

## माओवादी मुठभेड़

नारायणपुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन  वर्दीधारी महिला माओवादी मारी गई हैं, जिनका शव बरामद कर लिया गया है। मारे गये माओवादियों की पहचान उत्तर बस्तर डिवीजन कमेटी तथा पीएलजीए कम्पनी के सदस्य के रूप में की गई है। घटनास्थल से थ्री नॉट थ्री रायफल और तीन सौ पंद्रह बोर की बंदूक सहित भारी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद की गई है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. और नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि नारायणपुर और कांकेर जिले की सीमा पर ग्राम हचेकोटी, छिंदपुर, बिनागुण्डा, आदनार, काकनार और आसपास के जंगल पहाड़ियों में तीस से अधिक माओवादियो की उपस्थिति की सूचना मिलने पर डीआरजी, एसटीएफ और बीएसएफ की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी। इस दौरान पहले से घात लगाकर बैठे माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने तीन महिला माओवादियों को मार गिराया।

## नेहरू युवा केन्द्र–जागरूकता कार्यक्रम

नेहरू युवा केंद्र रायपुर, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार और छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वाधान में आज रायपुर के बोरियाखुर्द, डुंडा, लालपुर, रोहिणीपुरम, मोतीबाग सहित छह स्थानों पर एचआईवी एड्स और उसके रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में छह सौ से अधिक युवाओं और पचास से अधिक युवा मंडलो को एचआईवी एड्स के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में युवाओं को प्रोजेक्टर के जरिये लघु फिल्मों और पीपीटी के माध्यम से जानकारियां दी गईं। इसके साथ ही युवाओं ने चित्रकारी और रंगोली बनाकर एचआईवी एड्स पर अन्य युवाओ और आमजनों को जागरूक किया।

**दुर्घटना–जवान मौत**

बीजापुर जिले के मिरतुर थाना क्षेत्र में बीती रात डीआरजी के सहायक उप निरीक्षक तेलम चमरू की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वहीं, बस्तर फाइटर्स का एक आरक्षक उदय कुमार पटवा घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा ग्राम बेचापाल के पास हुआ। घायल आरक्षक को इलाज के लिए डिमरापाल के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं, मृतक जवान तेलम चमरू को आज बीजापुर में विधायक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को गृहग्राम के लिए रवाना किया गया।

**गांजा–बरामद**

रायगढ़ जिले की जूटमिल पुलिस ने एक सौ पचहत्तर किलो गांजे के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसकी कीमत लगभग पैंतीस लाख रुपये आंकी गई है। वहीं, आरोपियों के पास से कुल तैंतालीस लाख रूपये की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने ओडिशा से गांजा लाकर सक्ती, कोरबा और आसपास के क्षेत्रों में बेचने की योजना बनाई थी।

**भूपेश बघेल–मुख्यमंत्री पत्र**

भिलाई–तीन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज और उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर इस मामले की निष्पक्ष जांच करने और कांग्रेस कार्यकर्ताओ पर दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग की है। इस बीच, इस मामले को लेकर कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज नवा रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय पहुंचकर पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा और घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की।

**मौसम**

प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। भारी वर्षा मुख्य रूप से बस्तर संभाग के जिलों के साथ ही रायपुर और दुर्ग संभाग के कुछ जिलों में हो सकती है।

**संक्षिप्त समाचार**

– सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों के लिए दो सितंबर को पोला पर्व पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय और उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

– रोग–प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में कल तीस अगस्त को बच्चों का स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।

– जांजगीर–चांपा जिले के छाता जंगल में विचरण कर रहे एक दंतैल हाथी ने तीन मवेशियों को मार डाला।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>